आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना (SVS) 2026-27

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान के मेधावी विद्यार्थियों को देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थानों में अध्ययन करने के लिए वर्ष 2026-27 में कुल 700 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाएंगी जिसमें से विदेश के THE (Times Higher Education) रैंक (शीर्ष 1 से 50) वाले विश्वविद्यालयों/संस्थानों के लिए कुल 100 सीटों तथा NIRF (National Institutional Ranking Framework) रैंक (शीर्ष 1 से 50) वाले भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं 05 Streams (Medical, Management, Law, Agriculture and Allied Sectors, Architecture and Planning) ds NIRF रैंक के शीर्ष 1-10 संस्थानों में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए 600 सीटों पर 'स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना 2026-27' के तहत पूर्व में इस योजना के प्रथम चरण के तहत दिनांक 20.07.2026 से 05.08.2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

विद्यार्थियों की सुविधा और हित को ध्यान में रखते हुए अब केवल देश के विश्वविद्यालयों/संस्थानों हेतु आवेदन करने की समयावधि में 05 दिवस की विशेष बढ़ोतरी की गई है। इस संशोधन के फलस्वरूप अब योजना का पोर्टल दिनांक 06.08.2026 से 10.08.2026 तक पुनः खोला जा रहा है।

इस हेतु अर्हता परीक्षा में देश के लिये न्यूनतम 65% अंक प्राप्त करने वाले राजस्थान के मूल निवासी विद्यार्थी अपनी सकल पारिवारिक औसत वार्षिक आय के आधार पर दो श्रेणियों (E1 श्रेणी- औसत वार्षिक आय 8 लाख रुपए से कम तथा E2 श्रेणी- औसत वार्षिक आय 8 लाख रुपए से 25 लाख रुपए तक) में जनआधार आईडी/नामांकन संख्या के माध्यम से उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की वेबसाईट https://hte.rajasthan.gov.in/HTE/30992 पर आवेदन कर सकते हैं। योजना के विस्तृत दिशा-निर्देश, आवश्यक दस्तावेजों की सूची, योजना में सम्मिलित देश एवं विदेश के विश्वविद्यालयों/संस्थानों की सूची एवं प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग के हेल्पलाइन नंबर 0141-2712918 पर संपर्क कर सकते हैं।

देश के विश्वविद्यालयों/संस्थानों हेतु उम्मीदवारों का मूल्यांकन निम्नलिखित चरणों में किया जाएगा-

चरण	पोर्टल पर आवेदन करने की संशोधित अन्तिम तिथि	कमीपूर्ति की संशोधित अन्तिम तिथि	सूची जारी करने की संशोधित तिथि
प्रथम चरण	10.08.2026	18.08.2026	25.08.2026
द्वितीय चरण	21.08.2026 से 07.09.2026	15.09.2026	22.09.2026

नोट- विदेश के विश्वविद्यालयों/संस्थानों हेतु पूर्व में जारी तिथियां ही मान्य होगी।

05/08/2026

संयुक्त निदेशक-एसवीएस
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान

Joint Director (SVS)
Commissionerate College Education
Rajasthan, Jaipur